हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025

04 मांगः कलेक्टर दर से मिले वेतन,बच्चों के पोषण आहार...



07 नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन की तैयारियों का डीएम...





## खबर संक्षेप में

### चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने ग्राम जाख, तहसील सुसनेर निवासी श्रीराम यादव पिता नानूराम यादव की कृषि कार्य के दौरान करंट से मृत्यु हो जाने पर सीएम कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत निकटतम वारिस पत्नी शारदाबाई यादव को 4 लाख की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की है।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### 16 तक मनेगा राष्ट्रीय पोषण माह अभियान

**सीहोर।** मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। 8वां पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी होंगे।

### बाजार में त्यौहारी सीजन के प्रारंभ होते ही होने लगा यातायात प्रभावित

# दुकानों का सड़कों पर सामान हाथठेलों व वाहनों से रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




त्यौहारी सीजन आते ही नगर में यातायात प्रभावित होने लगा है। फुटपाथ पर अपना व्यापार करने वालों के अतिरिक्त अब हाथ ठेले वाले सड़क पर मनचाहे स्थान पर खड़े होकर यातायात प्रभावित कर रहे है। जिम्मेदारों को बाजार की इस प्रकार व्यवस्था की जाना चाहिए कि फुटपाथ व हाथठेले वालों का व्यापार भी चलता रहे व यातायात भी प्रभावित नही हो। शुक्रवार को करवा चौथ होने से नगर के प्रमुख बाजारों में गुरुवार को ग्राहकों की खासी भीड़ रही। फुटपाथ पर लगी करवा,छलनी, श्रृंगार आदि की दुकानों पर ग्राहकी जमकर रही। जिसके चलते बाजार में रौनक आ गई। ग्राहकों की इसी भीड़ में अपना सामान बेचने वाले कई हाथठेले वाले भी सड़क पर या तो आकर खड़े हो गए या सड़क पर घूमघूम कर ग्राहकों की तलाश करते रहे। ऐसे में इनको मध्य सड़क पर ग्राहक मिल जाने पर ये वही अपनी सामग्री का विक्रय करने लग रहे थे ऐसे में यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा था।

गुरुवार को केवल करवा चौथ के लिए खरीदी हेतु ग्राहक बाजार में पहुंचे थे तब यह स्थिति बन रही थी तो आने वाले दिनों में जब दीपावली पर्व की खरीदी के लिए ग्राहक बाजार में पहुंचेंगे तब क्या स्थिति बनेगी। ऐसे में स्थानीय नगर परिषद व पुलिस विभाग को मिलकर इस प्रकार की योजना बनाना चाहिए कि फुटपाथ के साथ हाथठेले वाले भी अपना व्यापार कर ले और ग्राहकों को भी आसानी रहे साथ ही यातायात भी प्रभावित नही हो।

### अतिक्रमण व सड़क तक सामान फैलाने पर हो कार्रवाई

नगर में त्यौहारी दिनों में लखुंदर नदी की पुलिया से गणेश चौराहा व शिवाजी चौराहा से मां बगलामुखी चौराहा तक खासी ग्राहकी रहती है ऐसे में इन बाजारों में प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के साथ ही उन दुकानदारों के खिलाफ जो अपना सामान सड़क तक फैलाकर रखते है कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे कि त्यौहारी दिनों में सड़क की वास्तविक चौड़ाई का फायदा मिल सके।

### दुकानों के सामने फुटपाथ दिया किराए से

नगर में ऐसे कई दुकानदार है जिनके द्वारा अपने सामने बने शासकीय फुटपाथ को हाथठेले वालों को किराए से दे दिया गया है। ऐसे दुकानदारों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही कर फुटपाथ खाली करवाना चाहिए।

### सड़क पर वाहन खड़े करने पर हो कार्रवाई

नगर में कई दुकानदारों द्वारा 20 से 25 फिट का अतिक्रमण कर अपनी दुकानों के सामने हाथठेले वालों को स्थायी रूप से खड़े करवा रखे है जिसके कारण उनके यहां आने वाले ग्राहकों को अपने वाहन सड़क पर खड़े करना पड़ते है जिसके चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। प्रशासन द्वारा ऐसे दुकानदारों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे कि त्यौहारी दिनों में परेशानी का सामना नही करना पड़े।

## आधी रात को सीहोर में हंगामा मचाया एसआई ने संघ पदाधिकारियों से की अभद्रता, एसपी ने किया लाइन अटैच



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ कथित तौर पर अभद्रता करने के मामले में आनन-फानन में कार्रवाई की है। घटना के बाद देर रात तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के चलते पुलिस अधीक्षक को तुरंत एक्शन लेते हुए एक उप निरीक्षक को लाइन अटैच करना पड़ा। पूरा मामला बीती रात तब सामने आया जब संघ के पदाधिकारी आगामी 12 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले पथ संचलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बाल विहार मैदान में मौजूद थे। इसी दौरान एसआई कौशलेंद्र सिंह वहां पहुंचे।

संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि एसआई कौशलेंद्र सिंह ने शराब के नशे में उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। यह खबर मिनटों में संघ, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं तक पहुंच गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली चौराहा पर जमा हो गए साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव सन्नी महाजन, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, आशीष पचौरी सहित बीजेपी के अनेक नेता भी कोतवाली चौराहे पर मौजूद रहे।

**चौराहे पर हनुमान चालीसा का पाठ :** आक्रोशित हिंदुत्व नेताओं ने कोतवाली चौराहे पर ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं की मांग यह थी कि एसआई कौशलेंद्र सिंह का तत्काल मेडिकल टेस्ट कराया जाए, ताकि नशे में होने के आरोपों की पुष्टि हो सके। हालांकि घंटों की गहमागहमी के बावजूद एसआई का मेडिकल नहीं हो पाया, जिससे संघ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी बनी हुई है।

**आधी रात को ही कार्रवाई :** मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल हस्तक्षेप किया। आधी रात उन्होंने एसआई कौशलेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच करने का आदेश जारी कर दिया।

## करवा चौथ आजः महिलाएं पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के साथ करेंगी निर्जला व्रत



**नलखेड़ा।** संपूर्ण विश्व में भारतवर्ष पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव के देश के रूप में जाना जाता है। देश में मनाए जाने वाले हर त्यौहर एवं उसमें गुंथी रस्में जीवन का कोई न कोई महत्वपूर्ण पाठ पढाती है। करवा चौथ का त्यौहार कार्तिक माह की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाऐं अपने पति की लम्बी उम्र व परिवार में सुख-समद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत कर, रात्रि में पूजन कर, छलनी से चांद को निहारकर अध्र्य देती है। प्रेम दाम्पत्य का यह अनूठा पर्व चांद को साक्षी मानकर किये जाने वाले इस पर्व की हर रस्म के माध्यम से यही संदेश मिलता है कि किस प्रकार इस जन्मजन्मांतर के संबंध को और अधिक प्रगाढ बनाया जावे। नगर में करवा चौथ का यह त्यौहार आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर द्रौपदी ने करवाचौथ का व्रत रखा था। इसी करवाचौथ व्रत से पांडवों को महाभारत युद्ध में विजय मिली थी।

करवा चौथ के इस व्रत के दौरान सिर्फ चंद्रमा ही नहीं, चतुर्थी के देवता गणेश जी के अलावा शिव-पार्वती, कार्तिकेय की पूजा भी की जाती है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की प्रार्थना को लेकर व शादी योग्य युवतियां अच्छे वर की कामना को लेकर दिन भर निर्जल व्रत रहतीं है, शाम को चांद निकलने पर उसका दर्शन-पूजन कर व्रत का पारणा किया जाता है। पति की लंबी उम्र की कामना का पर्व करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस त्यौहार के लिए महिलाएं तैयारी में जुटी हुई है। बाजार गुलजार हो गए महिलाओं ने खरीददारी शुरू कर दी। करवा चौथ के पर्व पर बाजार में मिट्टी के बने आधुनिक करवा पूजन सामग्री की दुकान भी सज गई है। वहीं करवा चौथ पर्व से पहले सराफा, साड़ी का बाजार भी गुलजार हो गया है। दुकानों पर महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही है । इस व्रत में महिलाएं नई साड़ी व श्रृंगार कर पूजा करती है। करवा चौथ के इस पूजन के लिए नगर में कई स्थानों पर दुकाने सजी हुई है। जहां पहुंचकर सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा के साथ-साथ करवा चौथ की पूजन की पुस्तक खरीदी जा रही है। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लो में भी करवा की बिक्री हैतू हाथ ठेले पर दुकान सजा कर इसका व्यवसाय करने वालो द्वारा बिक्री की जा रही है।



## शरद रात्रि में धार्मिक आयोजन भजन संध्या के बाद बांटी अमृत रूपी खीर

**कानड़।** नगर के अखिल भारतीय जूना गुजराती दर्जी समाज द्वारा समाज के आराध्य देव गुरु टेकचंद जी महाराज के 214 वे समाधी उत्सव घूम धाम से मनाया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर दर्जी सेरी स्थित समाज के मंदिर को आकर्षक फूलों और विद्युत रोशनी से सजाया गया साथ ही शरद रात्रि पर उत्सव मनाते हुए शाम से भजन कीर्तन करते हुए रात्रि 12 बजे टेकचंद जी महाराज की आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग और नगरवासी शामिल हुए। गुरु महाराज की आरती के बाद 1 क्विंटल अमृत रूपी खीर की प्रसाद का वितरण किया गया।





### मौतों के बाद कोल्ड्रिफ सिरप की सीहोर में नहीं होगी बिक्री

**सीहोर।** छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नई एडवाइजरी जारी की है। औषधि प्रशासन ने सर्दी, जुखाम और खांसी की दवाओं को लेकर सीहोर जिले में भी सख्ती बढ़ा दी है। अब क्लोरफेनेरामिन मेलिएट आईपी 2 एमजी और फिनायलेफरिन हाइड्रोक्लोराइड आईपी 5 एमजी वाले फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन की बिक्री सिर्फ रजिस्टर्ड डॉक्टर की पर्ची पर ही होगी। सीहोर में कोलड्रिफ सिरप की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। अब तक सरकारी और निजी दवा दुकानों की जांच में कोलड्रिफ सिरप का कोई स्टॉक नहीं मिला है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सिरप बनाने वाली कंपनी मेसर्स सेसन फार्मास्यूटिकल्स, तमिलनाडु के जबलपुर स्थित स्टॉकिस्ट से जानकारी ली। जांच में पता चला कि सीहोर में इस सिरप की कोई सप्लाई नहीं हुई है। दवा विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि 4 साल से कम उम्र के बच्चों को यह दवा न दें। अगर किसी पर्चे में इसका उल्लेख हो तो मरीज को दवा देने से पहले डॉक्टर से दोबारा सलाह लेने को कहें। साथ ही जिन दवाओं के पैकेज इंसर्ट या प्रचार सामग्री पर चेतावनी नहीं लिखी है, उन्हें तुरंत स्टॉकिस्ट या निर्माता को लौटा दें।

### थाना परिसर में आगंतुकों को भी सायबर सुरक्षा के उपाय बताए

## राष्ट्रीय साइबर जागरुकता माह के अंतर्गत जन-जागरुकता अभियान निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सायबर जागरूकता माह (01 से 31 अक्टूबर 2025) के तहत जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सायबर अपराधों से सतर्क रखना, डिजिटल सुरक्षा की जानकारी देना तथा सायबर ठगी की स्थिति में त्वरित रिपोर्टिंग हेतु प्रोत्साहित करना है।

अभियान की इसी श्रृंखला में थाना नलखेड़ा अंतर्गत सउनि आशा लकवाल व उनकी टीम द्वारा गुरुवार को शासकीय हाई स्कूल भंडावद, ग्राम गोयल, ग्राम महेंद्री तथा ग्राम गड़यिा में पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को सायबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों-जैसे सोशल मीडिया फ्रॉड, ओटीपी ठगी, फिशिंग लिंक, और फेक लोन ऐप्स — के बारे में बताया गया। टीम ने छात्रों को समझाया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी या बैंक विवरण साझा न करें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। इसी दौरान महिलाओं एवं ग्रामीणों को भी सायबर सुरक्षा के उपाय बताते हुए जागरूक किया गया। टीम ने उन्हें ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सुरक्षित लेनदेन के तरीके बताए और यह संदेश दिया कि ह्रसावधानी ही सायबर सुरक्षा की पहली शर्त है। साथ ही, थाना परिसर नलखेड़ा में आगंतुकों को भी सायबर अपराध से सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई तथा सायबर हेल्पलाइन एवं शिकायत पोर्टल की जानकारी साझा की गई। यह जन-जागरूकता अभियान नागरिकों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के प्रति प्रेरित कर रहा है और सुरक्षित साइबर समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

### निजी फिजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य किया

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे हैं धार्मिक प्रवचन, समाजजनों ने भारी संख्या में लिया धर्मलाभ

# धर्म करते-करते ही हमारी आत्मा भी धर्मात्मा बन जाएगीः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रत्येक जीव को जीवन में पुरुषार्थ करना पड़ता है। पुरुषार्थ करने पर ही मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है। जीवन में पुण्य योग आने पर सहज ही मोक्ष मार्ग मिल जाता है। महान व्यक्ति संसार में रहते हुए भी संसार से पार हो जाते हैं। हम अभी भी राग के भाव में संसार में भटक रहे हैं। पारिवारिक संकल्प - विकल्प आने पर हम मोक्ष मार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। मन से मजबूत जीव वैराग्य भाव धारण कर लेते हैं। धर्मी व्यक्ति भगवान के स्वरूप में लीन होने पर अपने स्वरूप को भी भगवान जैसा कर लेता है। धर्म करते-करते हमारी आत्मा भी धर्मात्मा बन जावेगी।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहाकि आचार्य भगवंत विराग सागरजी महाराज का जन्म पथरिया में हुआ। जब आचार्य श्री बाल अवस्था में अरविंद के रूप में थे। तो उन्होंने पड़ोस में रहने वाले पति-पत्नी के झगड़ों को देखा तो तभी से उनके मन में संसार से वैराग्य लेने के भाव हो गए थे।

मुनिश्री ने कहा कि इस जीव ने संसार के समस्त पौद्गलिक वस्तुओं का कई बार भोग कर लिया है। यह जीव झूठन को ही उपभोग कर रहा है। यह जीव धर्म से समावेश नहीं हो पाया इसीलिए बार-बार इन पदार्थों में रुचि करता है। जिनकी इन भोग विलास से रूचि हट जाती है। वह धर्म के मार्ग पर चलने लगता है। उन्होंने कहाकि इस कलिकाल में सभी के चित्त चलायमान है। निरंतर भोजन करने के बाद भी बकरी के समान दिनभर चरते रहते हैं। चित्त हमेशा चलायमान रहता है। आहार, निद्रा, भय, मैथून में ही सारे प्राणी रचे - पचे हैं। जागते सोते सिर्फ खाने में ही रुचि रहती है। देह अन्न का कीड़ा बना हुआ है। ऐसे कलिकाल में भी यह आश्चर्य है कि एक बार ही आहार करने वाले मुनिराज दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

मुनिश्री ने बताया कि मुनिराजों के भाव निर्मल होते हैं। मगंलवार को शरद पूर्णिमा थी।आचार्य विद्यासागरजी, आचार्य समय सागर जी, आचार्य सुनील सागर जी, गणिनी आर्यिका ज्ञानमती जी का जन्म दिवस इस दिन था। इन महान विभूतियों ने धर्म ध्वजा को संसार में फैलाया है। इन विभूतियों ने शरद पूर्णिमा पर जन्म लेकर मोक्ष मार्ग के पथ पर अग्रसर हो गए। ऐसे अनेकों अनेक जीव होते हैं जिनका संसार में ही मन लगा हुआ है। लेकिन इन संतों ने दीक्षा लेकर अनेक जीवों को मोक्ष मार्ग पर लगा दिया। आचार्य विद्यासागरजी ने कुंडलपुर में विशाल मंदिर बनवाकर पावन पुनीत भावना व्यक्त की। गणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी ने हस्तिनापुर में जम्बू दीप की रचना की। तीर्थंकरों के जन्म स्थान पर मंदिर बनवाए। मुनिश्री ने बताया कि आचार्य सुनील सागरजी का अहमदाबाद में चातुर्मास चल रहा है। इनकी सोच महान है। आचार्य विराग सागरजी ने वारषाणुवेख्खा ग्रंथ की संस्कृत में टीका लिखी महान व्यक्ति की सोच महान होती है। आचार्य विराग सागरजी नेकुंदकुंद स्वामी के कई ग्रंथों की संस्कृत टीका लिखी। भव्य जीव पंच परावर्तन से निकलकर मोक्ष मार्ग पर अग्रसर हो जाते हैं।




मुनि श्री ने कहाकि नरक की जघन्य आयु को भोगकर के यह जीव मनुष्य गति, तिर्यंच गति, व देव गति में कई बार भ्रमण किया है। नरक आयु 10000 वर्ष की होती है। नरक की आयु पूर्ण करने पर अन्य आयु को पूर्ण करके पुनः जीव नरक गति में चला जाता है। 10000 आयु के जितने समय होते हैं उतनी बार उसने जन्म मरण किया। एक-एक समय बढ़ाकर यहां जीव नरक में जन्म लेता है। नरक के पश्चात तिर्यंच मैं सबसे छोटी आयु को धारण किया।

इस प्रकार मनुष्य आयु में आकर अंतरमुहूर्त से लेकर एक पल्प की आयु तक इसने प्राप्त की। अब सोच लीजिए इस जीव ने इस भव में कितनी बार जन्म मरण किया। 21 सागर तक की आयु जीव प्राप्त कर सकता है। 33 सागर की आयु सम्यक दृष्टि जीव ही प्राप्त कर सकता है। हमने भेद विज्ञान को नहीं समझा। जिसने यहां समझ लिया कि आत्मा और देह अलग है वह संसार से पार हो जाता है। मुनिश्री ने कहाकि कितने ही जीव धर्म करते हुए भी भेद विज्ञान को नहीं समझ पाते। वितरागी देव के स्वरूप को नहीं समझ पाते। पूज्य के स्वभाव को जानने वाला पूजक, पूज्य हो जाता है। भगवान के स्वरूप में लीन होने पर अपने स्वरूप को भी भगवान जैसा कर लेता है। धर्म करते-करते हमारी आत्मा भी धर्मात्मा बन जावेगी।

**खबर संक्षेप**

## बैनर-पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत आठवें पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना देवास शहर के प्रमिला राजे परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी, पोषण संबंधित बैनर–पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया पोषण अभियान एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि गर्भधारण से लेकर बच्चे के दो वर्ष की आयु तक के पहले 1000 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर बल दिया गया। सिद्दीकी ने उपस्थित महिलाओं व कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को बाल कुपोषण गृह में भर्ती कराकर उनका विशेष फॉलोअप सुनिश्चित करें। परियोजना अधिकारी एम.एल. अहिरवार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करते हुए स्थानीय पोषण को बढ़ावा देना और पोषण अभियान को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना आवश्यक है। समाजसेवी मनीषा बाफना ने कम तेल, कम नमक और कम शक्कर वाले व्यंजनों के उपयोग की जानकारी दी और सभी को स्वस्थ खानपान अपनाने के लिए प्रेरित किया। पर्यवेक्षक पार्वती मालवीय ने अपने सेक्टर की कार्यकर्ताओं से मोटे अनाज व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगवाई। कार्यक्रम का संचालन स्नेहलता गोड ने किया एवं आभार रंजना राणा ने व्यक्त किया।

### रसोईया बहनों को नहीं मिला वेतन, स्वयं सहायता समूह संघ ने सौंपा ज्ञापन

# मांगः कलेक्टर दर से मिले वेतन, बच्चों के पोषण आहार के लिए समय पर मिले राशि

### पिछले तीन माह से स्वयं सहायता समूहों को भोजन पकाने की नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश महिला स्वयं सहायता समूह संघ, जिला देवास की रसोईया बहनों को दो माह वेतन नहीं मिला है, जिससे मध्यान भोजन एवं सांझा चूल्हा के संचालन में काफी समस्या आ रही है। जिसको लेकर जिले भर की रसोईया महिलाएं गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंची और धरना दिया। कलेक्ट्रेट में मौजूद संबधित अधिकारी को ज्ञापन नहीं दिया और जिला कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन देने को अड़ गए। काफी देर काफी देर धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन बैरागी के नेतृत्व में रसोईया बहनों एवं समूह संचालकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा।संघ ने बताया कि मध्य प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएम पोषण आहार (मध्याह्न भोजन) और सांझा चूल्हा योजना के तहत स्कूलों और आंगनवाड़ियों में बच्चों को पूरक पोषण आहार और गर्म पका भोजन दिया जाता है। इस योजना के संचालन के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है।हालांकि, पिछले तीन माह से स्वयं सहायता समूहों को भोजन पकाने की राशि और दो माह से रसोइयों का वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। इस कारण समूह संचालकों को बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने में गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई गरीब और छोटे समूह संचालकों को कर्ज लेकर योजना का संचालन करना पड़ रहा है।समूह और रसोइया बहनों ने अपनी प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने समय पर खाद्यान्न राशि और रसोइयों का वेतन उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही, उपस्थिति को आधार बनाकर रसोइया बहनों को हटाने पर रोक लगाने की बात कही।बैरागी ने कहा कि "गरीब महिलाओं द्वारा निष्ठा से किए जा रहे इस कार्य में सरकार को त्वरित हस्तक्षेप कर बकाया राशि जारी करनी चाहिए, ताकि बच्चे नियमित रूप से पौष्टिक भोजन प्राप्त कर सकें और महिलाएँ आर्थिक तंगी से मुक्त हो सकें।" संघ की प्रमुख माँगें है कि खाद्यान्न राशि एवं रसोईया बहनों का वेतन समय पर उपलब्ध कराया जाए। उपस्थिति के आधार पर रसोईया बहनों को हटाने की प्रक्रिया बंद की जाए। सांझा चूल्हा की राशि हर माह नियमित रूप से समूहों के खातों में डाली जाए एवं खाद्यान्न बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के अनुसार दिया जाए। कम शिक्षित महिलाओं को कागजी कार्यवाही के नाम पर परेशान न किया जाए। जहाँ स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं, वहाँ ठेका प्रथा समाप्त की जाए। विद्यालयों में कार्यरत रसोईया बहनों को 12 माह का मानदेय कलेक्टर रेट से दिया जाए। जिलाध्यक्ष ज्योति अर्जुन दास बैरागी ने बताया कि यदि जल्द ही इन माँगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में रसोई बहने उपस्थित थी।



## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया ओरेकल सीबीसीटी डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण

### सेंटर बंद करने का दिया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा ओरेकल सीबीसीटी डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण किया।

जिसमें ओरेकल सीबीसीटी डायग्नोस्टिक सेंटर में मात्र एक व्यक्ति सम्पूर्ण सेंटर को संचालित करते हुए पाया गया, जिसके पास किसी प्रकार की कोई डिग्री या डिप्लोमा भी नहीं प्राप्त हुआ। उसके द्वारा मरीजों का एक्सरे किया जा रहा था। सेंटर में सीटी स्कैन मशीन एवं एक्स-रे मशीन भी पाई गई। डायग्नोस्टिक सेंटर का किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं था। 30 मिनट तक टीम के इंतजार के पश्चात भी सेंटर संचालक टीम के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। संबंधित संचालक को सेंटर बंद करने संबंधी नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण टीम में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीषा मिश्रा, जिला स्वास्थ्य व परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर एवं आरएमओ डॉ अजय पटेल शामिल थे।

## पुरोहित को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**भौरासा।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक राम श्रीवास्तव एवं सह समन्वयक के.पी. अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पुरोहित को जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष बने। वर्तमान मे आप मालवा के सह संयोजक आपने संयोजक बनने के बाद 29 चैप्टर का गठन किया। आपकी उपलब्धि पर आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सोपा गया। आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नाना गुरु,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी,मनोज जोशी, पत्रकार अभय नागर,संतोष गोस्वामी ,जीवन सिंह ठाकुर, नरेंद्र माली,शिवा मित्तल,आनंद सिंह दरबार,अजहर खान,अंकित मालवी, चेतन यादव भौरासा प्रेस क्लब सहित सामाजिक राजनीतिज्ञ संगठनों ने आपको बधाई दी।

## बड़े हनुमान चौक में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**भौरासा।** शरद पूर्णिमा के दूसरे दिन बुधवार को नगर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। बड़े हनुमान चौक में स्थित सर्व हिंदू समाज के द्वारा प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने पहुंचकर श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में जय जय सियाराम, श्री खेड़ा पति सरकार की जय एवं मां के जयकारों की गूंज और भक्तों की भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। खेड़ापति सरकार (अध्याय ग्रुप) द्वारा आयोजन की तैयारियां पूर्व से ही की गई थीं। अध्याय ग्रुप के कार्यकर्ता दिनभर सेवा और व्यवस्था में सक्रिय रूप से जुटे रहे। भक्तों को प्रेमपूर्वक प्रसाद परोसा गया और पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं भक्ति का सुंदर समन्वय दिखाई दिया।



# लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास साबिर अहमद सिद्दीकी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए अधिनियम के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एक महत्वपूर्ण कानून है जो बालकों के अधिकारों की रक्षा करने में मदद करता है। हमें इस कानून के प्रावधानों को समझना और इसका पालन करना चाहिए ताकि हम बालकों को सुरक्षित और स्वस्थ माहौल प्रदान कर सकें। मास्टर ट्रेनर अर्चना सहाय ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर विस्तृत चर्चा की एवं पीपीटी के माध्यम से उपस्थित जनों को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत में बालकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण कानून है लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, यह कानून बालकों को लैंगिक शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को बालक माना जाता है। कानून के तहत बालकों के साथ किए जाने वाले लैंगिक अपराधों को परिभाषित किया गया है, जिनमें बालकों के साथ यौन शोषण, यौन उत्पीड़न और पोर्नोग्राफी शामिल हैं।

कानून के तहत लैंगिक अपराधों के लिए सख्त सजा का प्रावधान है, जिसमें उम्रकैद से लेकर मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है। कानून के तहत पीड़ित बालक के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान है, जिसमें उसे न्याय और मुआवजा दिलाने का अधिकार शामिल है। अधिनियम 2012 कानून बालकों को लैंगिक शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कानून बालकों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करने में मदद करता है। कार्यशाला का संचालन डॉ. एकता जायसवाल ने किया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास साबीर अहमद सिद्दीकी, डीएसपी बबिता बामनिया, सहायक संचालक लवनीत कोरी, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक गीता ठाकुर, मास्टर ट्रेनर अर्चना सहाय, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, पुलिस थानों से बाल कल्याण अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# अभिभाषक संघ का प्लेटिनम जुबली समारोह 11 अक्टूबर को, न्याय जगत होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्लेटिनम जुबली समारोह का भव्य आयोजन आगामी 11 अक्टूबर 2025, शनिवार को दोपहर 3:30 बजे से डागा पैलेस, देवास में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश के न्याय जगत की कई प्रतिष्ठित विभूतियाँ देवास में एक साथ उपस्थित होंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी पधारेंगे। उनके साथ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा, इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक कुमार रूसिया एवं पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति जयकुमार पिल्लई भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार मिश्रा, जो संघ के संरक्षक भी हैं, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जिला न्यायालय देवास में निर्मित 'एन. डी. मूंदड़ा लॉयर्स चेंबर' का भव्य उद्घाटन माननीय अतिथियों के करकमलों से किया जाएगा। इसके साथ ही एक स्मारिका का विमोचन भी होगा, जिसमें संघ की 75 वर्ष की यात्रा, उपलब्धियाँ, व अधिवक्ताओं के योगदान का विस्तृत विवरण संकलित किया गया है। समारोह के दौरान पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से न्यायालय में सतत प्रैक्टिस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि यह आयोजन देवास के लिए गौरवपूर्ण क्षण लेकर आएगा।

उन्होंने कहा देवास जैसे शहर में पहली बार सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशगण एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। यह न केवल अभिभाषक संघ के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। संघ अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी सदस्यगण अतुल पंड्या, पंकज पंड्या, गीता शर्मा, श्वेतांक शुक्ला एवं दीपेंद्र तोमर भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारीगण, न्यायाधीशगण, वरिष्ठ अधिवक्ता, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। 75 वर्ष की इस गौरवगाथा में देवास अभिभाषक संघ ने न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्लेटिनम जुबली समारोह न केवल अतीत की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का भी स्त्रोत बनेगा।

### उपायुक्त ने कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरणों का किया वितरण

# सीवरेज व ड्रेनेज कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के द्वारा बिलावली स्थिति एसटीपी प्लांट पर सीवरेज/ड्रेनेज कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई व कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरणों (पीपीई) का वितरण किया गया।प्रशिक्षण कार्यशाला मे उपायुक्त द्वारा अपने उद्बोशन मे कहा कि सीवरेज कर्मचारी विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं। अतः अपने कार्य और स्वास्थ्य को समान रूप से प्राथमिकता देकर सुरक्षात्मक उपकरणों के साथ ही कार्य पर जाए। उपायुक्त ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट का वितरण किया गया। ताकि वे काम के दौरान सुरक्षित रहें और खतरों से बचें, जिसमें मास्क, दस्ताने, चश्मे, सुरक्षा गियर, फेस शील्ड, गाउन और शू कवर जैसी वस्तुएँ शामिल हैं। जो कर्मचारियों को रसायनों, वायरस और अन्य हानिकारक पदार्थों से बचाती हैं। आयोजित कार्यशाला मे स्वच्छ भारत मिशन से विशाल जोशी व अरुण तोमर द्वारा सीवरेज कर्मचारी जो ड्रेनेज में उतर कर कार्य करते हैं। उन्हें अपने किए जाने वाले कार्यो के लिए सुरक्षित तरीके एवं मशीनों, उपकरणो के उपयोग पर जोर देकर उन्हें नियम एवं कानून से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान 20 से ज्यादा कर्मचारियो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का दूसरा एवं तीसरा चरण भी जारी रहेगा। स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा सीवरेज कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन एवं फायर सेफ्टी के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एलसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर सिद्धार्थ एवं सीवरेज कर्मचारियों की टीम उपस्थिति रही।

# लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संभागीय उपयुक्त जनजातीय कार्य विभाग उज्जैन संभाग गणेश भाबर ने जनजातीय कार्य विभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की सुनवाई जिला पंचायत कार्यालय में की। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को समक्ष में बुला कर उनकी समस्याएं सुनी एवं शिकायतों के निराकरण में आ रही समस्याओं पर चर्चा की, जिन शिकायतों का निराकरण मुख्यालय स्तर से होना है, उनपर उचित उत्तर लिखने के निर्देश दिए गए। पात्र नागरिकों को शीघ्र लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया। वहीं अनुचित एवं अतिरिक्त मांग की शिकायतों को फोर्स एवं मांग क्लोज करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग के.के. शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना संबंधी मॉक ड्रिल आज गुरुवार सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, आपदा प्रबंधन दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमें सहभागी रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही की तैयारियों का परीक्षण करना है।

### मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण शुरू हुआ

**विदिशा।** भारतीय स्टेट बैंक की प्रशिक्षण संस्थान आरसेठी के द्वारा जिले में मशरूम की खेती को बढावा देने के उद्धेश्य से 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी ने बताया कि 21 प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम खेती करने की विधा से प्रशिक्षित किया जाएगा। आवासीय आरसेठी प्रशिक्षण संस्थान में ठहरने व भोजन व प्रशिक्षण की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

### समापन पर दिलाई नशा न करने की शपथ

**विदिशा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा अक्टूबर माह की 2 से 8 तारीख तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस दौरान गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया है। मद्य निषेध सप्ताह का समापन कार्यक्रम माधवगंज क्रमांक 2 शासकीय हाई स्कूल टीलाखेडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मादक पदार्थ एवं मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्था के प्राचार्य आरके जैन, नशामुक्त भारत अभियान के मास्टर ट्रेनर्स वेदप्रकाश शर्मा के अलावा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति शपथ दिलाई गई।

### 96 पंजीयन छात्रों में से 64 का चयन किया गया

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में बुधवार को सुजूकी मोटर्स गुजरात द्वारा प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गय। जिसमें कई ट्रेड्स के पासआउट छात्रों द्वारा भाग लिया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में जिले के विभिन्न विकासखंडों की आईटीआई के छात्रों ने भी भाग लिया। इस दौरान कुल 96 पंजीयन हुए। जिसमें से 64 छात्रों का चयन किया गया है।

### पुलिस को मुथुरा वृंदावन में मिली अपहृत बालिका

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को मथुरा-वृंदावन (उप्र) से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। थाना सिविल लाइन में पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था। 22 सितंबर को नाबालिग के अपहरण की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सर्च अभियान शुरू किया।

---

### स्ट्रांग रुम व मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों व पुलिस बल रहेगा तैनात

# नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ललितपुर उप निर्वाचन-2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने अपनी प्रशासनिक टीम के साथ नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में स्थापित स्ट्रांग रुम व शहर के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्रों में मौजूद अवस्थापन सुविधाओं का जायजा लिया।

अमरपुर मण्डी पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कक्षों में जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और कक्षों की सफाई, प्रकाश, पानी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने व पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य द्वार से स्ट्रांग रुम तक पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने, बैरिकेटिंग लगवाने हेतु पुलिस अधिकारियों व सभी कक्षों व चबूतरों की सफाई कराने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये। इसके अलावा 15 अक्टूबर को होने वाले मतदान के एक दिन पूर्व पार्टी रवानगी हेतु व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, वाहनों के खड़े होने का स्थान, पोलिंग पार्टियों के बैठने आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मण्डी परिसर में मतगणना भी सम्पन्न होनी है, जिसके लिए चबूतरों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सीसीटीवी कैमरे, स्क्रीन, कण्ट्रोल रुम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मौके पर नगर पालिका कर्मियों के द्वारा सफाई कार्य कराया जा रहा था।

### निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची परखी

*उन्होंने शहर के मतदान केन्द्र नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय रावरपुरा, बालहंश पब्लिक स्कूल आजादपुरा, एवं रविन्द्रनाथ टैगोर विद्यालय बड़ापुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर अपनी टीम के साथ शहर के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते रहें और भ्रमण के दौरान जो भी कमियां संज्ञान में आयें उन्हें सम्बंधित प्रभारी अधिकारियों से दुरुस्त कराकर चेकलिस्ट दें। इसके साथ ही समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें तथा क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ी जायेगी, जिससे किसी मतदाता को अपने मतदान में असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 15 अक्टूबर को मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी मौजूद रहे।*

---

### रेलवे ट्रैक पर फंसा सीमेंट का ट्रक

# सुपर फास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनें व मालगाड़ियां प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर-भोपाल रेल मार्ग पर धौर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर सुबह एक ट्रक फंस गया। इससे लगभग एक घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा और सात यात्री ट्रेनें तथा चार मालगाडिय़ां काफी देर तक खड़ी रहीं। यह घटना सुबह करीब 8.30 बजे हुई। सीमेंट से भरा एक ट्रक धौर्रा से रणछोड़ की ओर जा रहा था। धौर्रा स्टेशन के आगे बीना की दिशा में रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रक का एक्सल टूट गया और पहिया निकल गया, जिससे ट्रक अप रेल लाइन पर पटरियों के बीच फंस गया। ट्रक के फंसने से रेल यातायात में हड़कंप मच गया। ललितपुर से भोपाल की ओर जाने वाली महानमा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, श्रीछत्रपति शाहूजी महाराज टर्मिनस कोल्हापुर, हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस सहित पांच यात्री ट्रेनें लेट हो गईं। इसके अलावा, ललितपुर-भोपाल की ओर जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस और कुशीनगर एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे तक देरी से चलीं। चार मालगाडिय़ां भी प्रभावित हुईं। सूचना मिलते ही रेलकर्मी, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। एक जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को रेल पटरियों से हटाया गया। हालांकि, ट्रैक से निकलने के बाद ट्रक कुछ दूरी पर फिर फंस गया, जिसके लिए क्रेन और हाइड्रा मंगवाया गया। झांसी रेल मंडल के पीआरओ ने बताया कि अप रेल मार्ग पर धौर्रा रेल क्रॉसिंग पर ट्रक फंसने के कारण लगभग एक घंटे तक रेल मार्ग अवरुद्ध रहा, जिससे सात यात्री ट्रेनें और चार माल गाडिय़ां लेट हुईं।

---

# कड़ेसराकलां गांव में गिरा संदिग्ध ड्रोन

### सेना और स्थानीय पुलिस ड्रोन की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालबेहट (ललितपुर)



थाना तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कडेसराकलां में मंगलवार देर रात एक भारी-भरकम ड्रोन मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार, देर रात ग्रामीणों ने खेतों की ओर आसमान से गिरती एक वस्तु देखी, जो पास जाकर देखने पर ड्रोन निकली। देखते ही देखते मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना डायल 112 और तालबेहट पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया और सेना की तकनीकी टीम को सूचना दी। बताया जा रहा है कि बरामद ड्रोन का आकार सामान्य घरेलू ड्रोन की तुलना में काफी बड़ा है और इसमें कई पंखे (ब्लेड) लगे हुए हैं। प्रथम दृष्टया यह किसी सर्वे या सैन्य प्रशिक्षण में प्रयुक्त तकनीकी उपकरण प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को सौंप दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन कहां से आया और किस उद्देश्य से उड़ाया गया था। थाना प्रभारी तालबेहट ने बताया कि ड्रोन की जांच सेना और बम निरोधक दस्ते द्वारा कराई जा रही है। फिलहाल किसी विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री का पता नहीं चला है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरतते हुए हैं।

---

### पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# एसपी ने कोतवाली पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र आदि को देखा। एसपी ने कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रख-रखाव के लिए संबंधित को निर्देश देते हुये मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों, स्कूलों आदि जगहों पर जाकर महिलाओं, बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरशः अनुपालन कराया जाये। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत, प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि की पेट्रोलिंग/पिकेट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक करके संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

---

# धान की फसल निकाल रही महिला से की मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां में रहने वाले अवधेश कुमार पुत्र सिरनाम सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को अपराह्न 2.30 बजे उसके भाई व भाभी घर पर धान निकाल रहे थे। तभी अचानक गांव के बब्बू राजा पुत्र बारेराजा व रश्मि राजा पत्नी राघवेन्द्र राजा व कु.चाहत राजा एकराय होकर आये और उसकी भाभी को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित की भाभी नीलम राजा को जमीन पर पटक कर लात-घूसों से मारपीट कर दी। आरोप है कि बब्बू राजा ने उसकी भाभी को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके भाई लालसिंह ने डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नीलम राजा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# आईआईएम इंदौर की टीम ने की शासन की योजनाओं पर लखपति दीदियों से चर्चा

### आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन पहुंचकर लखपति दीदियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आत्मनिर्भरता और शासन की योजनाओं पर चर्चा की।

टीम ने जाना कि महिलाएं कैसे राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं। टीम लीडर सुमीत भारद्वाज ने बताया कि इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की प्रगति, रोजगार के अवसरों और बाजार से जुड़ाव की स्थिति को समझना है।आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा ने समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि महिलाएं अब खुद उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजारों में बेच रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। टीम ने ग्यारसपुर के किसानों से भी संवाद किया और ऐतिहासिक माला देवी मंदिर का अवलोकन किया। टीम में खुशबू, नितिन माली, नैंसी वर्मा, परिधी पोपली, कुशाग्र सिंगर और शशांक यादव शामिल रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि आज वे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं।

---

### पुलिस को शिकायती पत्र दिया

# दूध बेचकर लौट रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** पूराकलां थानान्तर्गत ग्राम सारसेड में रहने वाले विजय सिंह पुत्र रामरतन यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पिताजी बीती 3 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एच 8330 से दूध बेचकर घर आ रहे थे। तभी गांव के भानुप्रताप सिंह पुत्र जयपाल सिंह ठाकुर ने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एक्स 7002 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें ललितपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया। अब उनका झांसी में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भानुप्रताप सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# अनक्लेम्ड डिपॉजिट की वापसी के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया

### केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, के आयोजित उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के माध्यम से सूचित किया गया है कि अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025 की अवधि में प्रत्येक जिले में शिविर आयोजित कर अनक्लेम्ड डिपॉजिट को उनके वास्तविक दावेदारों को लौटाने अभियान चलाया जायेगा। लीड बैंक ऑफिसर रंजीत कुमार ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार की दिशा निर्देश पर उक्त के क्रम मैं जिला प्रशासन द्वारा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 9 अक्टूबर को जिलाधिकारी कि अध्यक्षता में विकस भवन सभागार मैं विशेष शिविरों का आयोजन किया गया । इन शिविरों का उद्देश्य बैंकों में वर्षों से निषक्रिय पड़े अनक्लेम्ड डिपॉजिट (जैसे - बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा, पीपीएफ, आदि) को उनके वास्तविक दावेदारों या उनके उत्तराधिकारियों को लौटाना है। अग्रणी जिला प्रबंधक ललितपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि विभिन्न बिभागों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में संचालित अंशदान / परिक्रमी निधि से सम्बन्धित खाते बैंक के विभिन्न शाखा में खुलवाये गये थे जो कि बहुत समय से कार्यरत न होने के कारण बन्द चल रहे थे, जिसे रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के ऊएअ्रफ़ योजना के तहत होल्ड कर दिया गया है । रिजर्व बैंक आफ इण्डिया में स्थानातंरण किये गए खातों में उपलब्ध धनराशि है, जिसका क्लेम विभाग का प्राधिकार पत्र, विभाग का सम्बंधित बैंक मे जमा कर रिजर्व बैंक आफ इण्डिया से किया जा सकता है यदि आपके या आपके परिजनों के किसी बैंक खाते में पिछले कई वर्षों से कोई राशि बिना उपयोग के पड़ी है, तो आप इन शिविरों में भाग लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। शिविरों में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो ऑन-द-स्पॉट जानकारी और सहायता प्रदान करेंगे।यह एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य जनता की भूली-बिसरी जमाओं को उन्हें वापस दिलाना है।

---

### स्वच्छता ही सेवा अभियान द्वारा नदियों के संरक्षण का दिया संदेश

# सैकड़ों छात्रों ने एक सुर में ली गंगा संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिला गंगा समिति के द्वारा किसान इंटर कॉलेज, बिरधा में छात्रों को गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में 'नदियों की स्वच्छता' पर परिचर्चा में छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे। छात्रों ने नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण, इसके दुष्परिणामों और इसे रोकने के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने नमामि गंगे परियोजना से जुड़ी जानकारियां छात्रों से साँझा की' जिला गंगा समिति सदस्य बासुदेव सिंह ने छात्रों का जनपद की नदियों से परिचय कराया' इसके बाद, 'नदी स्वच्छता और संरक्षण' विषय पर चित्रकला का आयोजन किया गया।

### छात्रों ने रंगों से कागज पर स्वच्छ नदियों पर भावनाओं को व्यक्त किया

छात्रों ने अपनी कल्पना के रंगों से कागज पर स्वच्छ नदियों के चित्रों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।



कार्यक्रम के अगले चरण में गंगा क्विज से छात्रों को नदियों के महत्व, उनके प्रदूषण के कारणों और उन्हें साफ रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। गंगा शपथ के दौरान सैकड़ों छात्रों ने एक सुर में नदियों में कचरा, प्लास्टिक न बहाने की शपथ ली ' कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.पी.बुन्देला ने कहा कि छात्र हमारे भविष्य हैं। उनमें अभी से स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक नितिन शर्मा, जीवन लाल साहू, अजय प्रताप सिंह, दामोदर प्रजापति, मोहित जैन, अंजलि मिश्रा, जीतेन्द्र राजपूत आदि मौजूद रहे '

### गरीबों के हक पर डाका- शासन के नियमों की उड़ रही धज्जियां

# दीनदयाल रसोई योजना 5 रुपए में भरपेट भोजन, सारंगपुर में वसूले जा रहे 10 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, असहाय, मजदूर वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का उद्देश्य शहरों में कोई भूखा न रहे, यह सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत शासन द्वारा प्रति थाली मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन देने का प्रावधान है, जबकि भोजन की शेष राशि का वहन शासन स्वयं करता है। लेकिन सारंगपुर नगर में इस योजना का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और लाभार्थियों का कहना है कि यहाँ रसोई केंद्र पर प्रति थाली 10 रुपए वसूले जा रहे हैं, जबकि शासन की दर केवल 5 रुपए तय है। इससे गरीब मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, और असहाय व्यक्ति आर्थिक रूप से परेशान हैं।


फाइल फोटो

## क्या कहते हैं नियम

राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कृ योजना के अंतर्गत लाभार्थी से केवल 5 रुपए ही लिए जा सकते हैं। रसोई केंद्र का संचालन स्थानीय निकाय (नगर पालिका) और स्व-सहायता समूहों की देखरेख में होना चाहिए। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और उचित दरों की निगरानी के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जिला प्रशासन जिम्मेदार हैं।

### स्थानीय लोगों की शिकायत

रसोई में भोजन करने आने वाले लोगों का कहना है कि पहले कुछ महीनों तक भोजन 5 रुपए में मिलता था, परंतु अब संचालक 10 रुपए प्रति थाली वसूल रहे हैं। "गरीबों के लिए बनी योजना अब मुनाफे का साधन बन गई है," ऐसा कहना है नगर के मजदूर वर्ग का।

### इनका कहना है...

आपके द्वारा बताया गया हैं जांच करवाई जायेगी।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर,

### जवाबदेही किसकी?

नगर के नागरिकों ने सवाल उठाया है कि यदि शासन द्वारा 5 रुपए की दर तय है, तो 10 रुपए वसूलना अनियमितता और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने जिला प्रशासन और नगर पालिका से जांच कर कार्रवाई की मांग की है ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके।

### जनता की अपील

स्थानीय समाजसेवी ओम पुष्पद एवं कैलाश शर्मा सहित नागरिकों ने अपील की है कि इस मामले की जांच कराई जाए और दोषी संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को शासन की मंशा के अनुरूप सस्ता और भरपेट भोजन मिल सके।

---

**पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया**

# घर से स्कूल आ रहे छात्र पर बदमाशों ने ब्लेड से किया हमला



**राजगढ़।** शहर के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत छात्र पर बुधवार सुबह खोयरी रोड पर बाईक सवार 3 नकाबपोश बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने छात्र पर ब्लेड से कईं जगह वार किए जिसमें वो बुरी तरह घायल हो गया। बाद में हमलावर मौके से भाग निकले। घटना के बाद छात्र और परिजन कोतवाली थाने पहुंचे और इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई।

जानकारी के अनुसार रसूलपुरा निवासी कक्षा 11वीं में अध्ययनरत नाबालिग छात्र बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे अपनी स्कूटी से राजगढ़ आ रहा था। इस दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार 3 अज्ञात व्यक्ति आए और छात्र के साथ गाली-गलौच करने लगे। उक्त तीनों व्यक्तियों ने चेहरे पर रूमाल आदि बांध रखे थे। इन तीन में से दो व्यक्तियों ने छात्र को पकड़ लिया और तीसरे ने उस पर धारदार ब्लेड से हाथ, पेट, पैर पर कईं वार कर किए और बाद में तीनों भाग निकले। पीछे से आ रहे छात्र के अन्य साथियों ने उसे सम्हाला और परिजनों को इत्तिला दी। घटना के बाद सभी कोतवाली थाने पहुंचे और पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

### रात्रि में भी छात्र को किया गया था फोन

घटना में घायल छात्र के पिता तौफीक अली ने बताया कि न तो उनके बेटे की स्कूल में किसी से लड़ाई हुई और न ही उनके साथ कभी किसी का झगड़ा हुआ है। श्री तौफीक के अनुसार मंगलवार रात्रि एक अननोन नंबर से किसी व्यक्ति ने उनके बेट को फोन जरूर किया था। पुलिस उक्त नंबर के संबंध में पड़ताल कर रही है।

---

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान संपन्न**

# दृष्टि दिवस महिला नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**कुरावर।** बुधवार सुबह महिला बाल विकास विभाग एवं विजिटिंग पीडिया आई द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान विश्व दृष्टि दिवस महिला नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा की घर में यदि महिला स्वास्थ है तो परिवार ठीक चलता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होना भी अति आवश्यक है, लेकिन घर में जो मां होती है वह स्वयं एक औषधि होती है हमेशा हमें परिवारों में बालिकाओं को पढ़ना चाहिए। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने बेटियों को वरदान मानकर उनके लिए पढ़ाई की चिंता की है कन्यादान योजना चलाई है महिलाएं आत्मनिर्भर बने इसके लिए लाडली बहन योजना चला कर उनका सम्मान दिया है। नारी सशक्तिकरण के माध्यम से मातृ शक्ति को मजबूत बनाने का काम भाजपा सरकारों ने किया है हर वर्ग की चिंता सरकार ने की है हम जिन दो नेत्रों से देखते हैं उनकी सुरक्षा करना हम सब का कर्तव्य है समय-समय पर इनका परीक्षण हमें करवा लेना चाहिए। कार्यक्रम को नेत्रचिकित्सक डॉ शकील अहमद, डॉ पवन चैरसिया, महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी दिव्या तिर्की ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दीपक सक्सेना चित्रांश ने किया। उपस्थित महिलाओं का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण भी हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशमंडलोई, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती सिंह बिलहरी, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, हेमराज चौधरी मौजूद रहे।

---

# मंत्री टेटवाल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, किसानों को राहत राशि दिलाने की मांग



**सारंगपुर।** राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राजगढ़ जिले के समग्र विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की।मंत्री टेटवाल ने किसानों कीसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वासन दिया कि सोयाबीन राहत की राशि शीघ्र ही किसानों के खातों में जमा कराई जाएगी, जिससे उन्हें त्वरित राहत मिल सके।बैठक में क्षेत्र में चल रहे बुनियादी ढांचा निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल प्रबंधन और रोजगार सृजन जैसे विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही आगामी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

---

**लीड महाविद्यालय में रंगोली, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित**

# युवा उत्सव: विद्यार्थियों ने अलग-अलग विधाओं में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय लीड महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, रूपांकन आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। युवा उत्सव जिला समन्वयक डॉ. शेलेंद्र मेवाडे ने युवा उत्सव के तहत होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव अंतर्गत साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांगीतिक तथा रूपांकन गतिविधियों सहित 22 प्रकार की विधाएं हैं। इन विधाओं में सम्मिलित होकर विद्यार्थी अपनी पसंदीदा विधा में कौशल का विकास कर सकता है। प्राचार्य डॉ. खरे द्वारा बताया कि शासन द्वारा चलाया जा रहा यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में बहुत प्रभावी भूमिका का निर्वहन करता है।



### विभिन्न विधाओं में ये रहे विजेता

संस्था स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में रंगोली में भगवती त्यागी प्रथम, दिनेश दांगी द्वितीय एवं नीतू यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में आलिया खान प्रथम, शिवानी रघुवंशी द्वितीय एवं बुलबुल सेन तृतीय स्थान पर रहीं। स्थल चित्रण प्रतियोगिता में पवन सिंह चैहान, पूजा वर्मा एवं कोमल सौंधिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह भावना देवलिया, आकांक्षा यादव, उमा भारती मेवाडे, पवन सिंह चैहान राजमोहन नरवरिया ने भी प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त किए।

---

**आर्थिक व मानसिक समस्याओं से जूझ रहे कर्मचारी**

# 6-7 माह से नहीं मिल रहा कर्मचारियों को वेतन, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**ब्यावरा।** समस्त कर्मचारियों का वेतन, जो 9-7-5 माह से लगातार नहीं मिल रहा है, जिससे सभी कर्मचारियों को मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं से पूरा परिवार जूझ रहा है। सभी कर्मचारियों का 2011 से भविष्य निधि का पैसा काटा जा रहा है, उसका भी कोई हिसाब किताब नहीं है। 126 सफाई कर्मचारियों से पूरे ब्यावरा नगर की सफाई कर्मचारीयों सफाई कराई जाती है। शहर काफी बढ़ चुका है, कर्मचारी काम है और भी कर्मचारी बढ़ाया जाए, सभी मांगों को लेकर आज मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार को तहसील अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

---

**पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने साथ बैठकर खाया खाना**

# पार्टी को परिवार मानते कांग्रेस की टिफिन पार्टी



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़

कांग्रेस पार्टी की कमान अब पूर्व केबिनेट मंत्री प्रियवृत सिंह के हाथों में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं को एकजुट करने नई ऊर्जा के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस द्वारा बुधवार को स्थानीय मोहनपुरा डैम पर टिफिन पार्टी का आयोजन करवाया गया।

पहली बार कांग्रेस द्वारा इस तरह की टिफिन पार्टी सह जिला बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी ने एक परिवार की तरह साथ बैठकर एक साथ भोजन किया। पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने घरों से भोजन तैयार करवाकर लाए थे। सभी ने एक परिसर के नीचे साथ बैठकर खाना खाया। यह टिफिन पार्टी सिर्फ आमोद-प्रमोद और मनोरंजन के लिए ही नहीं बल्कि पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का माध्यम भी बनी। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, रामचंद्र दांगी, गिरीश भंडारी सहित पार्टी के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# कृषि भूमि का रास्ता खुलवाने हेतु जिला कलेक्टर को दिया आवेदन

**जीरापुर।** जिला कलेक्टर को एक आवेदन प्रेषित करते हुए आवेदन कर्ता भेरूलाल , रतिराम पिता कालूराम , रामलाल पिता पूरा , रोड़ीबाई पति रूप सिंह , गोविंद पिता नानुराम , राधेश्याम पिता कंवरलाल जाति गुर्जर सभी निवासी जीरापुर ने आवेदन में उल्लेख किया कि लगभग 22 बीघा कृषि भूमि स्थित है। आवेदन कर्ता ने कहा कि हम हमारे पूर्वज सनातन काल से इस भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं उक्त कृषि भूमि में आने-जाने एवं कृषि उपकरण लाने ले जाने के लिए हम सर्वे नंबर 1110 और सर्वे नंबर 1120/ 2 जो की



क्रमशः कांतिबाई पिता गोपाल ध पति फूल सिंह दांगी और गोकुल पिता नंदराम गुर्जर के बीच निकलते आ रहे थे। यही एकमात्र रास्ता है पहले कांति बाई उसके परिवार वाले ने फिर गोकुल पिता नंदराम ने रास्ता बंद कर दिया। जिससे हमें न्यायालय तहसील जीरापुर में आवेदन देकर प्रकरण प्रस्तुत किया। जिसमें दो माह तक कार्रवाई सुनवाई स्थल निरीक्षण और वकीलों की बहस तथा गोकुल द्वारा 5 फीट रास्ता देने की सहमति आदि सब होने के बाद तहसीलदार द्वारा रास्ता खुलवाने का अंतरिम आदेश दिनांक 4 सितंबर 2025 होने के बाद भी कांतिबाई उसके परिजन अपने प्रभुत्व और दबाव के बल पर 10 दिनों से रास्ता खोलने नहीं दिया। 19 सितंबर 2025 को राजस्व और पुलिस की उपस्थिति में रास्ता खोलने के लिए टीम गई । लेकिन कांतिबाई नामक महिला ने उस दौरान कीटनाशक दवाई छिड़ककर रास्ता नहीं खोलना दिया।

---

# खाटू श्याम मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज व भंडारे का आयोजन



**ब्यावरा।** नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर के माता हरसिद्धि मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के समापन के बाद बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सबसे पहले माता हरसिद्धि और बाबा खाटू श्याम जी की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद पारंपरिक विधि-विधान के साथ कन्याओं का पूजन किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने कन्याओं के चरण पखारे और चुनरी ओढ़ाकर उन्हें देवी स्वरूप मानकर भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किए। इसके साथ ही कन्याओं को स्वादिष्ट भोजन प्रसाद भी परोसा गया। नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-पाठ, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इन धार्मिक आयोजनों में नगर के श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्तों की लंबी कतारें लगीं और सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान मंदिर परिसर में मां के जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में धार्मिक एकता और भक्ति भाव का संचार होता है। कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

**स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने ब्यावरा शहर में की कार्रवाई**

# आयुर्वेद की आड़ में कर रहे थे एलोपैथिक उपचार, 3 क्लीनिकों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

लंबे समय बाद स्वास्थ्य विभाग ने आयुर्वेदिक दवाओं से उपचार की आड़ में एलोपैथिक दवाइयों के क्लीनिक खोलकर बैठे झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही शुरू की है। इसी कड़ी में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को ब्यावरा ब्लॉक में 3 फर्जी क्लीनिकों पर बड़ी कार्यवाही की है।

इन क्लीनिकों के संचालकों के पास स्वास्थ्य विभाग से जारी किसी तरह का कोई पंजीयन न पाए जाने पर तीनों क्लीनिकों को बंद करते हुए संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित क्लीनिक संचालकों को हिदायत दी गई है कि वे तीन दिवस के अंदर क्लीनिक में किए जा रहे ईलाज से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध क्लीनिकों पर कार्यवाही की बात कही गई थी। ब्यावरा क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वहां कुछ लोग बगैर लायसेंस के अवैध क्लीनिक खोलकर लोगों का एलोपैथिक पद्धति से ईलाज कर रहे हैं। शिकायत के बाद सीएमएचओ द्वारा एक टीम गठित की गई जिसमें डॉ. राजीव हरिऔध और तहसीलदार विनय कुमार को शामिल किया गया। टीम द्वारा बुधवार को ब्यावरा के तीन क्लीनिकों पर औचक दबिश दी गई।



### तीनों क्लीनिकों को तत्काल करवाया बंद

प्रशासन और स्वास्थ विभाग की संयुक्त टीम ने तीनों क्लीनिकों को तत्काल बंद करवा दिया। संचालकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अगले तीन कार्य दिवसों के भीतर अपने क्लीनिक की अनुमति, चिकित्सकों की योग्यता और किए गए उपचार से जुड़े सभी वैध दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में जमा करवाएं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करना और क्लीनिक को स्थाई रूप से सील करना शामिल है।

### यहां-यहां हुई कार्रवाई

जिन तीन क्लीनिकों को बंद करवाया गया है उनमें सिटी क्लीनिक, अवंतिका क्लीनिक और गुरुकृपा क्लीनिक शामिल हैं। इस दौरान तीनों क्लीनिकों पर एलोपैथिक दवाएं और उपकरण पाए गए जिससे स्पष्ट हो गया कि वे अवैध रूप से एलोपैथिक चिकित्सा कर रहे थे।

### सीएमएचओ ने आमजनों से किया आग्रह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पटेल ने इस कार्रवाई के बाद चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि जिले में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिकों पर यह इसी तरह अनवरत जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी क्लीनिक पर इलाज कराने से पहले चिकित्सक की योग्यता और क्लीनिक की वैधता की जांच अवश्य करें। मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।